Tere Dar Pe Aake Baba | By Karishma Chawla

तेरे दर पे आके बाबा चरणों को थाम लूँगा
मेरी ज़िन्दगी की मालिक मैं तेरा नाम लूँगा
मैं तेरा नाम लूँगा, मैं तेरा नाम लूँगा

अपने जीवन की डोरी तेरे हाथ थमाने आया
तेरे नाम को सुनके बाबा तुझे अपना बनाने आया
जिस और ले चलोगे उस और ही चलूँगा
मेरी ज़िन्दगी की मालिक मैं तेरा नाम लूँगा
मैं तेरा नाम लूँगा, मैं तेरा नाम लूँगा

तुम कैसे पकड़ लो बाबा हाथो में हाथ ये मेरा
छूटे ना अब कभी भी बाबा ये द्वार तेरा
जिस हाल में रखोगे उस हाल में रहूँगा
मेरी ज़िन्दगी की मालिक मैं तेरा नाम लूँगा
मैं तेरा नाम लूँगा, मैं तेरा नाम लूँगा

तेरे नाम में इतनी ताक़त पानी में आग लगा दे
बरसों से सोइ किस्मत एक पल में ही जगा दे
तेरी रज़ा में माधव हर दम ही खुश रहूँगा
मेरी ज़िन्दगी की मालिक मैं तेरा नाम लूँगा
मैं तेरा नाम लूँगा, मैं तेरा नाम लूँगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/tere-dar-pe-aake-baba-by-karishma-chawla/